कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 01-04-2024

विषय:- लोकसभा चुनाव- 2024 के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा की गई गोमती एवं वरूणा जोन की समीक्षा

आज दिनांक 01-04-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में लोकसभा चुनाव- 2024 के दृष्टिगत गोमती एवं वरूणा जोन की समीक्षा की गई । उक्त गोष्ठी में संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध श्री के. एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस. चन्नप्पा सहित सम्बन्धित जोन के पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त एवं प्र0नि0/थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

गोष्ठी के दौरान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कल काशी जोन के अधिकारियो को दिये निर्देश के अतिरिक्त निम्नांकित दिशा-निर्देश दिये गये –

1. कम्प्यूटर साफ्टवेयर के माध्यम से पुलिसकर्मियों की चुनाव ड्यूटी लगाई जाये ।
2. पुलिसकर्मियों को अपनी ड्यूटी प्वाइंट की जानकारी मतदान से 48 घंटे पूर्व ही हो सकेगी।
3. सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर से घाटो पर एवं भीड़ भाड़ वाले इलाको मे पेट्रोलिंग कराई जाये ।
4. समस्त थाना प्रभारी सुनिश्चित करें कि उनके थाना क्षेत्र के पिंक बूथों पर महिला आरक्षी की ड्यूटी लगाई जाये, किसी भी पिंक बूथ में ताला लटका नजर न आये ।
5. सभी थाना प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन किया जायेगा एवं कार्य के आधार पर ही प्रभारियों को प्रत्यावर्तित किया जायेगा ।
6. आपराधिक रिकार्ड का अवलोकन करने के उपरान्त सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध ही प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाये, नाबालिग व निर्दोष व्यक्तियों के विरूद्ध किसी भी दशा में कार्यवाही न हो ।
7. घाटो पर नशीले पदार्थो की बिक्री या सेवन करने वालो पर कड़ी कार्यवाही हो।
8. घाटो पर ड्रोन उड़ाने वालो पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजें।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।